भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 09 | बिजौलिया - शनिवार,01 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## डोटासरा-गहलोत विवाद पर डैमेज कंट्रोलः 'न कोई नाराजगी, न जॉइनिंग', बोले गहलोत- कांग्रेस पूरी तरह एकजुट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा पार्टी में व्यक्तिगत ब्रांडिंग और नारेबाजी को लेकर दिए गए बयान के बाद राजस्थान कांग्रेस में उठे सियासी बवंडर पर अब डैमेज कंट्रोल शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरे घटनाक्रम पर सफाई देते हुए कहा कि न प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कोई नाराजगी जताई है और न ही उनके बीच किसी तरह का मतभेद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बांसवाड़ा से आए कार्यकर्ताओं की कोई औपचारिक जॉइनिंग नहीं थी, वे केवल उनसे मिलने आए थे और कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है।

गहलोत ने कहा कि पार्टी में किसी तरह का विवाद नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम सब एक हैं, एक होकर चलेंगे, एक होकर सरकार बनाएंगे और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनना तय है।



बाकी सारी बातें छोड़ दीजिए। अध्यक्षजी नाराज नहीं हैं और न ही मेरी कोई नाराजगी है। उन्हें जो महसूस हुआ, उन्होंने वही कहा। मीडिया ने बार-बार सवाल पूछे होंगे, इसलिए उन्होंने अपनी जानकारी के अनुसार जवाब दिया।

दरअसल, पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय के साथ भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता जयपुर स्थित अशोक गहलोत के सरकारी आवास पहुंचे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गहलोत को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने के समर्थन में नारे लगाए। इसके बाद जब यही कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे तो प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मालवीय को फटकार लगाते हुए बिना नाम लिए व्यक्तिगत ब्रांडिंग और नारेबाजी पर नाराजगी जताई थी। इसके बाद कांग्रेस के भीतर मतभेदों की चर्चा तेज हो गई थी।

इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए गहलोत ने कहा कि महेंद्रजीत सिंह मालवीय पहले से ही प्रदेशाध्यक्ष से मिलने का समय ले चुके थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पहले उनसे मिलने आए और फिर पीसीसी मुख्यालय जाकर डोटासरा से मिले। इसमें किसी तरह की जॉइनिंग का कार्यक्रम नहीं था और न ही ऐसी कोई चर्चा हुई।

गहलोत ने कहा कि 'जॉइनिंग नेताओं की होती है, कार्यकर्ताओं की नहीं। करीब 400 कार्यकर्ता आए थे। यदि बीएपी से लोगों का मोहभंग हो रहा है और वे कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ना चाहते हैं तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए। '

पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि बांसवाड़ा के कार्यकर्ता पिछले 20-25 दिनों से उनसे मिलने की इच्छा जता रहे थे। उन्होंने कई बार उन्हें जयपुर नहीं आने की सलाह दी थी और कहा था कि वह स्वयं बांसवाड़ा आकर उनसे मिलेंगे। लेकिन कार्यकर्ताओं के लगातार आग्रह और महेंद्रजीत सिंह मालवीय के अनुरोध के बाद उन्होंने मिलने के लिए समय दिया।

उन्होंने कहा, '500 किलोमीटर दूर से बस भरकर लोग जयपुर आएं, यह मुझे भी अच्छा नहीं लगता। मैं हमेशा कहता हूं कि लोग बेवजह जयपुर न आएं, मैं खुद उनके क्षेत्र में जाकर मिलूंगा। लेकिन इस बार उन्होंने मिलने की जिद की, इसलिए बुला लिया। '

## तलाक का नोटिस भेजा तो पति ने डंडों से किया हमला, घायल विवाहिता एंबुलेंस से पहुंची एसपी कार्यालय

### हाथ-पैर में फ्रैक्चर, एफआईआर में पूरी घटना दर्ज नहीं करने का आरोप; पुलिस बोली- आरोपी पति को किया डिटेन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत**

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है। पति पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए घायल विवाहिता शुक्रवार को एंबुलेंस से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने एसपी सागर राणा को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि तलाक का लीगल नोटिस भेजने से नाराज पति ने घर में घुसकर लकड़ी के डंडे से हमला किया, जिससे उसके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। साथ ही उसने गांधीनगर थाना पुलिस पर एफआईआर में पूरी घटना दर्ज नहीं करने और आरोपी की गिरफ्तारी में देरी का आरोप लगाया।

पीड़िता सुमित्रा उर्फ सुमन तिवाड़ी निवासी बाबा धाम, सांवरिया विला ने बताया कि वर्ष 2016 में उसकी शादी प्रकाश तिवारी से हुई थी। शादी के बाद से पति द्वारा मारपीट, नशे की हालत में प्रताड़ना और पैसों की मांग से परेशान होकर वह पिछले करीब पांच वर्षों से अपने आठ वर्षीय बेटे के साथ अलग रह रही है। आरोप है कि तलाक का नोटिस भेजने के अगले ही दिन 22 जुलाई को पति घर में घुस



आया और डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में उसका ऑपरेशन भी करना पड़ा।

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी लगातार मुकदमा वापस लेने, बेटे का अपहरण करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने एसपी से निष्पक्ष जांच, उचित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

वहीं, गांधीनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासौटिया ने बताया कि मामले में आरोपी पति प्रकाश तिवारी को डिटेन कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अस्पताल के बाहर से 10 मिनट में बाइक चोरी, पूरी वारदात CCTV में कैद

### तीन संदिग्ध कैमरे में आए नजर, एक बाइक लेकर फरार;

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया। ।**

कस्बे के उप जिला अस्पताल के बाहर शुक्रवार सुबह दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। महज 10 मिनट में चोर अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए। पूरी घटना अस्पताल परिसर के नजदीक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान होने का दावा करते हुए जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

इंद्रा कॉलोनी निवासी नरेंद्र यादव ने बिजोलिया थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे उनके पिता उनकी हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल लेकर उप जिला अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल के बाहर हैंडल लॉक



लगाकर बाइक खड़ी करने के बाद वे अंदर चले गए। करीब 10 मिनट बाद लौटे तो बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें चोरी की पूरी वारदात रिकॉर्ड मिली।

**एक ने बाइक चुराई, दो साथी देते रहे साथ**

सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध युवक घटनास्थल पर दिखाई देते हैं। इनमें से एक युवक बाइक के पास पहुंचकर उसमें चाबी लगाता है और कुछ ही देर में उसे लेकर फरार हो जाता है। वहीं उसके साथ दूसरी मोटरसाइकल पर मौजूद दो युवक भी उसके पीछे मौके से निकल जाते हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर तीनों की भूमिका की जांच कर रही है।

**आरोपियों की पहचान, जल्द गिरफ्तारी**

थानाधिकारी स्वागत पांडया ने बताया कि मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में आरोपियों की पहचान हो चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा तथा जांच में कुछ और महत्वपूर्ण खुलासे होने की भी संभावना है।

## सांसद दामोदर अग्रवाल ने की गृहमंत्री अमित शाह के साथ शिष्टाचार भेंट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज संसद भवन में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की व विभिन्न क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने आज देश के ग्रह मंत्री अमित भाई शाह से शिष्टाचार भेंट की व केसरिया दुपट्टा पहनाकर अभिवादन किया इस दौरान राजस्थान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकरणों सहित राष्ट्रहित के कई विषयों पर उनका विस्तृत मार्गदर्शन भी प्राप्त किया ।

सांसद अग्रवाल ने इस मुलाकात पर कहा कि यह अत्यंत अविस्मरणीय क्षण' है मेरे लिये माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी के सरल व्यवहार और प्रेरणादायी शब्दों ने मुझे भावुक एवं गौरवान्वित किया।

यह क्षण सदैव मेरी सुंदर स्मृतियों में संजोया रहने के साथ साथ मुझे प्रेरणा देता रहेगा । सांसद अग्रवाल ने कहा की अपना विशेष समय एवं स्नेह प्रदान करने हेतु गृहमंत्री अमित शाह का हृदय से आभार व धन्यवाद प्रकट करता हु। भीलवाड़ा जिले भर के सभी कार्यकर्ताओं में अमित भाई शाह से मुलाकात पर अपार उत्साह देखा गया सभी ने सांसद अग्रवाल को बधाई प्रेषित की।

## एनडीपीएस कोर्ट का सख्त फैसलाः 4.2 किलो अफीम तस्करी में दो दोषियों को 15-15 साल की जेल, डेढ़-डेढ़ लाख का जुर्माना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज अफीम तस्करी के एक मामले में विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, भीलवाड़ा ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास तथा डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि 7 मार्च 2022 को मंगरोप थाना पुलिस पुलिस चौकी मंडपिया के सामने नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देखकर वापस मुड़ने




लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। आरोपी की पहचान चेनराम पुत्र मांगीलाल गुंदरावत (भील), निवासी नीमच सिटी (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई। मोटरसाइकिल की डिग्गी की तलाशी लेने पर 4 किलो 200 ग्राम अफीम बरामद हुई।

पुलिस ने चेनराम को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अफीम परमानन्द पुत्र मन्नाराम जाट, निवासी बरखेड़ा देव, जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश) से खरीदना स्वीकार किया। जांच के बाद पुलिस ने परमानन्द को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने चेनराम को धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट तथा परमानन्द को धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी माना। दोनों को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने 8 गवाहों के बयान और 78 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया की 110वीं जयंती पर शहर कांग्रेस ने किया श्रद्धासुमन अर्पित, पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

शहर के सुखाड़िया सर्किल पर भीलवाड़ा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मोहनलाल सुखाड़िया की 110वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुखाड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके योगदान को याद किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि मोहनलाल सुखाड़िया आधुनिक राजस्थान के प्रमुख शिल्पकारों में से एक थे। उन्होंने लंबे समय तक राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए प्रदेश के विकास, शिक्षा, सिंचाई और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुखाड़िया के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय किया है।

कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पहली बारिश में बह गई पुलिया, एनीकट की फेसवाल भी टूटी; चार गांवों का संपर्क कटा

## ग्रामीणों को 10 किमी अतिरिक्त सफर की मजबूरी, निर्माण गुणवत्ता और अवैध बजरी खनन पर उठे सवाल





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी।** क्षेत्र की अरनियाघोड़ा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को हुई पहली ही बारिश ने सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की पोल खोल दी। नाहर सागर बांध के बहाव क्षेत्र में स्थित सरदारपुरा एनीकट की फेसवाल और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से निर्मित पुलिया बह गई। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय पुलिया से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

पुलिया क्षतिग्रस्त होने से सरदारपुरा, सुदर्शनपुरा, श्रीनगर, सांखलिया ग्राम पंचायत सहित कनेछन कलां का संपर्क प्रभावित हो गया है। अब ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। किसानों, विद्यार्थियों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुरूप हुआ होता तो पहली ही बारिश में पुलिया और एनीकट क्षतिग्रस्त नहीं होते। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

**अवैध बजरी खनन पर भी संदेह**

ग्रामीणों ने एनीकट के आसपास लंबे समय से जेसीबी से अवैध बजरी खनन होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इससे बहाव क्षेत्र की जमीन कमजोर हुई, जिसके कारण पहली बारिश में ही संरचना क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**पेयजल संकट की आशंका**

पुलिया के साथ गुजर रही पेयजल पाइपलाइन भी टूट गई है, जिससे संबंधित गांवों में पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है। वहीं एनीकट क्षतिग्रस्त होने से उसमें संग्रहित पानी भी बह रहा है, जिससे भविष्य में सिंचाई प्रभावित हो सकती है।

**सूचना के बाद भी नहीं पहुंचे अधिकारी**

घटना की सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि दयाशंकर गुर्जर मौके पर पहुंचे और प्रशासन को अवगत कराया। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि देर शाम तक जल संसाधन विभाग और पीडब्ल्यूडी का कोई अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा। जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खां कायमखानी ने पुलिया निर्माण की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा ग्रामीणों की सुविधा के लिए तत्काल वैकल्पिक मार्ग तैयार कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच और अवैध बजरी खनन की निष्पक्ष पड़ताल कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

## एमजी अस्पताल के पालना गृह में मिला नवजात, बाल कल्याण समिति ने रखा नाम 'रुद्र'



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महात्मा गांधी चिकित्सालय स्थित मातृ एवं शिशु इकाई के पालना गृह में सावन माह के प्रथम दिन गुरुवार शाम एक नवजात बालक मिला। पालना गृह का सायरन बजते ही अस्पताल स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए शिशु को सुरक्षित संरक्षण में लेकर एनआईसीयू में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार नवजात का वजन 1.870 किलोग्राम है तथा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर है।

सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद राव अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले का जायजा लिया। सावन के पहले दिन भगवान शिव के दिन पालना गृह में मिलने के कारण बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने नवजात का काल्पनिक नाम 'रुद्र' रखा।

बाल कल्याण समिति ने नवजात की सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर एनआईसीयू वार्ड में महिला पुलिस गार्ड तैनात कराने तथा अस्पताल प्रशासन को बेहतर उपचार और देखभाल के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही शिशु की देखरेख के लिए यशोदा की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

समिति ने बताया कि उपचार के बाद पूर्ण स्वस्थ होने पर नवजात को राजकीय शिशु गृह, पालड़ी स्थानांतरित किया जाएगा, जहां से उसके पुनर्वास और वैधानिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# तेजाजी चौक पर सड़क के बीच लगे विद्युत पोल का विधायक ने किया निरीक्षण

## जनहित में पोल को अन्यत्र स्थानांतरित करने का दिया आश्वासन, अधिकारियों को किए निर्देश




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**शुभम ।** कस्बे के तेजाजी चौक स्थित मुख्य मार्ग के बीचों-बीच बनाए जा रहे विद्युत पोल को लेकर क्षेत्रवासियों की शिकायत पर शुक्रवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जनहित को देखते हुए पोल को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए तथा जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण के दौरान एडवोकेट सुनील जोशी ने विधायक को बताया कि तेजाजी चौक कस्बे का अत्यंत व्यस्त चौराहा है। सड़क के बीच विद्युत पोल लगाए जाने से यातायात बाधित हो रहा है और आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि चौराहे पर पहले से ही एक विद्युत पोल मौजूद है, इसके बावजूद बीच सड़क पर नया पोल स्थापित किया जा रहा है, जिससे आमजन और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इस अवसर पर एडवोकेट सुनील जोशी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, शांतिलाल जोशी, जितेंद्र सिंह चौहान, संजय सिंधी, उमाशंकर वैष्णव, अमित जैन, कालू पुरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## विधायक गोपीचंद मीणा ने कार्यकर्ताओं से की जनसमस्याओं पर चर्चा



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव** जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने शुक्रवार को कस्बे का दौरा कर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं, विकास कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए।

विधायक मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व सरपंच अमरचंद गाड़री, रामकुमार जाट, देवराज जाट, राकेश जाट, कालूलाल, सीताराम, बलवीर कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना से पहले आज होगा गुरू गुणानुवाद, बहेगी गुरू भक्ति की धारा

## पूज्य पुलकसागर महाराज के दर्शन वंदन एवं जिज्ञासा समाधान के लिए सूर्यमहल में उमड़े





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

ओजस्वी प्रवचनकार प्रख्यात राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य गुरूदेव पुलकसागरजी म.सा. ससंघ के सानिध्य में भीलवाड़ा में पहली बार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित होने वाले चातुर्मास के लिए मंगल कलश स्थापना 2 अगस्त को होगी। इसकी पूर्व संध्या पर शनिवार दोपहर गुरू गुणानुवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गुरूदेव पुलकसागरजी महाराज के सानिध्य में दोनों कार्यक्रमों का आयोजन चित्रकूटधाम में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से गुरूभक्त भीलवाड़ा पहुंच रहे है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होने वाले गुरू गुणानुवाद कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें मुंबई के गायक राहुल भट्ट एवं रेडियो जॉकी विधि जैन गुरू भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से होगा। गुरू पूजन एवं पाद प्रक्षालन के बाद शास्त्र भेंट किया जाएगा। मंगल आरती से समापन होगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए पूरी टीम मुंबई से भीलवाड़ा पहुंच चुकी है ओर विशेष स्टेज एवं गुरूदेव के विराजने का सिंहासन भी टीम साथ लाई है। गुरूदेव के चातुर्मास का विधिवत आगाज 2 अगस्त को दोपहर 1 बजे चातुर्मासिक मंगल कलश स्थापना के साथ होगा। स्थापित होने वाले मंगल कलशों का शुद्धिकरण गुरूदेव के सानिध्य में गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर किया गया था। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह ने बताया कि सूर्यमहल में प्रवासरत ओजस्वी प्रवचनकार प्रख्यात राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य गुरूदेव पुलकसागरजी म.सा. ससंघ के दर्शन वंदन के लिए शुक्रवार को भी श्रद्धालु उमड़े। धर्म चर्चा के माध्यम से कई श्रावक श्राविकाओं ने मन की जिज्ञासा गुरूदेव पुलकसागरजी के समक्ष रखी ओर समाधान प्राप्त किया। दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य अनिल मंजू, धीरज रीतिका, अवधि, आरोही अजमेरा परिवार ने प्राप्त किया। मनोज्ञाचार्य पूज्य गुरूदेव पुलकसागरजी म.सा. ने सभी श्रावक श्राविकाओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए मंगलभावनाएं व्यक्त की। समिति के सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि पुलकसागरजी महाराज के सानिध्य में नियमित चातुर्मासिक प्रवचन 3 अगस्त से प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में होंगे। चातुर्मास के दौरान 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## बारिश की कामना को लेकर भोलेनाथ के अखंड ज्योत जलाई



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **सांवर वैष्णव** ):- क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में बारिश की कामना को लेकर शिवालय में भोलेनाथ के अखंड ज्योत जलाई गई । ग्रामीणों ने बताया कि शिवालय में गुरुवार रात्रि 9:15 बजे को क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना को लेकर भोलेनाथ के अखंड ज्योत जलाई गई, ग्रामीणों ने श्रावण मास के प्रारंभ होने के साथ ही ज्योत प्रज्वलित की । इस दौरान होकम सिंह पुरावत, मदन दरोगा, सज्जन सिंह, गोवर्धन सिंह, भैरु सिंह, किशन सिंह पुरावत, सांवर वैष्णव, सांवरमल दरोगा आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे ।।




QUICK BITES

## संत गुरु रविदास जयंती पर भाजपा ने मनाया दीपोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती पर भाजपा गंगापुर नगर मंडल की ओर से रामदेवजी मंदिर, रैगर मोहल्ला में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी बिहारी दास महाराज के सम्मान से हुई। विधायक लादूलाल पीतलिया ने संत रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। नगर मंडल अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने कहा कि संत रविदास का जीवन सेवा, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्ज्वलित कर संत गुरु रविदास जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुआ।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोहनलाल सुखाड़िया की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा:**




**पुनित चपलोत**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननेता स्वर्गीय मोहनलाल सुखाड़िया जी की जयंती के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) भीलवाड़ा द्वारा गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. सुखाड़िया जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा आधुनिक राजस्थान के निर्माण में उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया।

सभा के दौरान वक्ताओं ने स्व. सुखाड़िया जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थान को एक प्रगतिशील और मजबूत राज्य बनाने के लिए जीवनपर्यंत कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित विकास के मानदंड आज भी समाज और संगठन के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस अवसर पर मधु जाजू (पूर्व सभापति), महेश जी सोनी, आशीष राजस्थली, चांदमल डीडवानिया, रामनिवास चावला, सुरेश बंब, ओमप्रकाश तेली एडवोकेट, विनोद चावला, गुडविन मसीह, विनोद कुमार कसारा एडवोकेट, रमजान मो. सोरगर, रफीक बिसायती (खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष/शहर), डॉ0 फरियाद मोहम्मद, शिवराज सुराणा, योगेश सोनी (पुर), श्यामलाल पाराशर, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, बद्रीलाल जाट पांसल, अनवर हुसैन मन्सूरी, पुरुषोत्तम दत्त शर्मा (A.V.V.N.L.), जाकिर खान अशरफी, राजु, धनराज जाट सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिले व ब्लॉक के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों, मंडल व वार्डों के अध्यक्षगण, प्रकोष्ठों/विभागों के पदाधिकारी, पार्षद व पार्षद प्रत्याशी तथा बड़ी संख्या में सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्व. सुखाड़िया जी के बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।






# मॉडल स्कूल मांडलगढ़ में SDRF ने दिया आपदा बचाव एवं सीपीआर का प्रशिक्षण

## बाढ़, आग व सड़क दुर्घटनाओं के दौरान बचाव के तरीके बताए, विद्यार्थियों ने सीखा प्राथमिक उपचार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**




राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) की ओर से शुक्रवार को मॉडल स्कूल मांडलगढ़ में आपदा प्रबंधन एवं राहत-बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बाढ़, आग एवं सड़क दुर्घटनाओं जैसी आपात स्थितियों में बचाव के उपायों के साथ प्राथमिक उपचार और सीपीआर की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान SDRF टीम ने दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति के अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने के तरीके, सीपीआर देने की सही तकनीक तथा आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव और अग्निशमन के उपायों का प्रदर्शन किया। टीम ने मौके पर डेमो देकर विद्यार्थियों को अभ्यास भी कराया, जिससे उन्होंने आपदा प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियां व्यवहारिक रूप से सीखीं।

कार्यक्रम में टीम प्रभारी गोपाल के नेतृत्व में घमंडाराम, राजेंद्र, संतोष कुमार, राजेश कुमार, शंकर लाल एवं जयप्रकाश ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राणावत ने स्ष्ठत्र्स टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है और इससे प्राप्त ज्ञान उनके जीवन में आपात परिस्थितियों के दौरान मददगार साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी शंभू प्रसाद स्वर्णकार ने किया। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी राहत एवं बचाव संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# अभिभाषक संस्था शाहपुरा में संविधान संशोधन को बहुमत की मंजूरी, 41 सदस्यों ने किया समर्थन

## साधारण सभा में संशोधन प्रस्ताव पर मंथन, नवोदित अधिवक्ताओं का भी हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी**




अभिभाषक संस्था शाहपुरा की साधारण सभा शनिवार को संस्था अध्यक्ष आशीष पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्था के संविधान में प्रस्तावित संशोधनों पर विस्तृत चर्चा के बाद मतदान कराया गया, जिसमें 41 सदस्यों ने संशोधन के पक्ष में मतदान किया, जबकि 9 सदस्यों ने विरोध किया और एक सदस्य ने मतदान में अपनी राय व्यक्त नहीं की। बहुमत मिलने के बाद कार्यकारिणी को सदस्यों के सुझावों को शामिल करते हुए संशोधन मसौदे को अंतिम रूप देने की सहमति प्रदान की गई।

बैठक का संचालन संस्था सचिव अरविंद सिंह राणावत ने किया। चर्चा के दौरान सदस्यों ने संशोधन प्रस्ताव पर अपने सुझाव और आपत्तियां रखीं। विचार-विमर्श के बाद यह सहमति बनी कि समयानुकूल संशोधन संस्था की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने में सहायक होंगे।

बैठक की शुरुआत हाल ही में ऑल इंडिया बार (एआईबी) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नवोदित अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह से हुई। वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं कार्यकारिणी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

संस्था अध्यक्ष आशीष पालीवाल ने कहा कि संविधान संशोधन का उद्देश्य संस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सशक्त एवं सक्षम बनाना है। इससे संस्था की प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी तथा अधिवक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित शर्मा, कोषाध्यक्ष तेजप्रकाश पाठक, पुस्तकालय अध्यक्ष धनराज वैष्णव, सह-सचिव प्रीति जैन, त्रिलोकचंद नौलखा, दुर्गालाल राजोरा, कन्हैयालाल धाकड़, गोविंद सिंह, कल्याणमल धाकड़, रामप्रसाद चौधरी, कैलाश सुवालका, अनिल शर्मा, अमन ओझा, भगवान मीणा, बिल्कुल शर्मा, राहुल साहू, अंकित मालू, महेंद्र रायका सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में संस्था सचिव अरविंद सिंह राणावत ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकारिणी साधारण सभा की भावना एवं सदस्यों के सुझावों के अनुरूप संविधान संशोधन की प्रक्रिया को नियमानुसार आगे बढ़ाएगी।

# निकाय व पंचायती राज चुनाव - भाजपा अजमेर संभाग की अहम बैठक में भीलवाड़ा के वरिष्ठ नेताओं ने लिया भाग






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान में आगामी निकाय एवं पंचायती राज चुनावों के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी अजमेर संभाग की चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय, अजमेर में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना तथा पूर्व सांसद देवजी पटेल का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में भीलवाड़ा से जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, संगठन प्रभारी संजय जैन, विधायक गोपीचंद मीणा, जब्बरसिंह सांखला, उदयलाल भडाना, लादूलाल पीतलिया, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व महापौर राकेश पाठक, रामलाल योगी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा के अनुसार बैठक में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय, बूथ सशक्तिकरण और जनहित के संकल्पों पर गहन मंथन किया गया। साथ ही पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी स्थानीय चुनावों में पूर्ण एकजुटता के साथ ऐतिहासिक विजय हासिल करने का मजबूत संकल्प लिया। इस अवसर पर भीलवाड़ा? सहित अजमेर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला संगठनों से प्रदेश पदाधिकारी, संभाग व जिला प्रभारी, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# विद्यार्थी देश के भविष्य के निर्माता, शिक्षा के लिए फंड की कोई कमी नहीं- विधायक गोपाल खंडेलवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



**मानव तिवाड़ी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षाविद् हरिशंकर धाकड़ के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने श्री धाकड़ का साफा एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया तथा शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान की सराहना की। हरिशंकर धाकड़ द्वारा बच्चों को कृष्ण भोग का आयोजन भी रखा गया

इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि 'विद्यार्थी देश के भविष्य के निर्माता हैं। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं शिक्षा के लिए आवश्यक फंड की व्यवस्था में सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार शिक्षा के विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। '

कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के साथ शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेश दिया।

इस दौरान विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, अधिवक्ता सुनील कुमार जोशी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा, शांति लाल जोशी, प्राचार्य दिलीप सिंह, मुकेश धनोपिया, वेदप्रकाश तिवारी, जगदीश पुरी, उमाशंकर वैष्णव, जितेन्द्र सिंह चौहान, अमित जैन सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विश्व की कोई शक्ति नहीं पहुंचा सकती सनातन धर्म ओर भारत को आंच-आचार्य रामदयालजी महाराज

## जीवन में बदलते रहना पर कभी बदला लेने की भावना मत रखना





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सनातन धर्म अपनी भक्ति ओर गहराई के कारण विश्व में अजर अमर है। विश्व की कोई भी आणविक शक्ति सनातन धर्म को ओर भारत राष्ट्र को आंच नहीं पहुंचा सकती। सनातन धर्म फौलादी था, सनातन धर्म फौलादी है ओर सनातन धर्म फौलादी रहेगा।

ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाघीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने शुक्रवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जीवन बदलना पर कभी भी बदला मत लेना, बदले की भावना मत रखना। पति पत्नी जब बदले की भावना पर आते है तो इतिहास बदलता है। भाई-भाई, पिता पुत्र, अड़ोसी पड़ोसी जब बदला लेते है तो रक्तरंजित इतिहास बन जाता है। ओर जब भी व्यक्ति स्वयं बदलना चाहता है तो जहरीला वातावरण भी अमृतमय बन जाता है। इसलिए बदला मत लो खुद को बदलो। संत गुरूवर दृष्टि बदलते है, सृष्टि बदलते है ओर जीवन बदल देते है। वह विचार ओर संसार बदल देते है पर बदला नहीं लेते यही उनका सामर्थ्य है।

आचार्यश्री ने कहा कि शब्दो के अर्थो में कठिनाई नहीं है विचारों को गहराई से छू लेना बहुत जटिल है। इंसान संस्कृति का अनुकरण करे तो वर्ष लग जाता है पर विकृति एवं विकारों का शिकार रस्ते चलते हो जाता है।

कितनी ज्ञान की पाठशालाएं चल रही है, ज्ञान की बाढ़ आई हुई है फिर भी मानव अज्ञान के गर्त में गिरता दिखाई दे रहा है। जवाबदारी, जिम्मेदारी,वफादारी, ईमानदारी से समझदार व्यक्ति भी किनारा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि नाम साधना का लाभ लेकर भगवंत नाम का जाप करने से सारा ताप, परिताप, संताप सब का अंत हो जाता है तो क्यों न उसका आश्रय लिया जाए।

ये संसार सार असार के बारे में ठीक से ज्ञान नहीं कर पाता है। भगवत नाम ही सार है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि भगवान को भूल जाने से बढ़कर कोई दु:ख नहीं है ओर भगवान को याद रखने से बढ़कर कोई सुख संसार में नहीं है। हम भगवान की माया को याद करके जगत में सुखी होना चाहते पर इसके सृजनहार परमात्मा को याद करने का समय ही नहीं है। भगवान याद नहीं करे जब तक मनवांछित जीवन जी लो। जिस दिन उसने गहराई से याद कर लिया सिवाए उसके किसी से मोहब्बत नहीं रहेगी।

तुम्हे संसार को भूलाने की जरूरत नहीं तुम खुद संसार को भूल जाओंगे।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। कोटा से आए संत प्रीतमरामजी ने भजन की प्रस्तुति दी। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# श्रावण के दूसरे दिन गोपेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए सुबह से पहुंचते रहे श्रद्धालु, मंदिर में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

पवित्र श्रावण मास के दूसरे दिन शुक्रवार को कस्बे के प्रसिद्ध गोपेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की।

मंदिर के पुजारी शुभांशु शंकर शर्मा ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र माह माना जाता है। इसी कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण में भगवान शिव की विधिवत पूजा और जलाभिषेक का विशेष महत्व है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर को फूलों और बेलपत्र से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा दर्शन व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

दिनभर युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# एयरपोर्ट और फ्लाइंग स्कूल विस्तार को लेकर तख्तपुरा के ग्रामीणों का विरोध, किसानों का धरना, विरोध प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**

**अनिल डांगी**

उपखंड क्षेत्र के तख्तपुरा गांव में किसानों की भूमि अधिग्रहण के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। एयरपोर्ट के फ्लाइंग स्कूल विस्तार के लिए किसानों की कृषि भूमि अधिग्रहित कर निजी हाथों में सौंपे जाने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण धरने पर बैठ गए।

धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया तथा किसानों की भूमि बचाने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।

समाजसेवी विकास पारीक ने बताया कि तख्तपुरा के किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण कर एयरपोर्ट के फ्लाइंग स्कूल के विस्तार के लिए निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के अधिकांश परिवार खेती और पशुपालन पर निर्भर हैं तथा कृषि भूमि ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी गांव की बड़ी कृषि भूमि रेलवे लाइन और अन्य विकास कार्यों में जा चुकी है। अब बची हुई कृषि भूमि का भी अधिग्रहण होने से किसानों के सामने रोजी-रोटी और भविष्य का संकट खड़ा हो सकता है।

धरने के बाद ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी झंवर लाल मित्तल को ज्ञापन सौंपकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की अपील की।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक के सदस्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भैरूलाल रेगर ने पूर्व बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ एनजीओ इण्डियन रेड क्रोस सोसायटी एवं विश्वास फाउण्डेशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

जिले की एनएचएआई अजमेर के अधीन किशनगढ़ गूलाबपुरा-एनएच-48 एवं भीम गुलाबपुरा एनएच-148 पर स्थित शराब की दुकानों का सर्वे कर उनको हटाने हेतु आबकारी विभाग को निर्देश दिये गये। जिले के समस्त राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों एवं शहरी क्षैत्र की सड़कों पर निरीक्षण कर ब्लेक स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्य कराने, शहर की विभिन्न सड़कों/चोराहों पर ट्रेफिक लाईट को सुचारू रूप से संचालित रखने एवं अजमेर चैराहे पर लगी ट्रैफिक लाईट के समय निर्धारण, जेबरा क्रोसिंग, रंबल स्ट्रीप लगाने, लाईनिग का कार्य व चैराहा विकसित करने एवं रंग-रोगन व सफाई का कार्य के निर्देश प्रदान किये गये एवं सभी चैराहों पर लेफ्ट साईड डिवाईडर हेतु संयुक्त निरीक्षण कर निर्माण की कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

जिले में छात्र-छात्राओं/आमजन को ट्रैफिक पार्क में यातायात नियमों की जानकारी एवं 18 वर्ष से कम छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में वाहन लाने पर चालान बनाने व अभिभावको के साथ बैठक आयोजित कर समझाईश करने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था प्रधान को निर्देश दिये एवं सभी विद्यालयों (सरकारी/गैर सरकारी) में संचालित वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चो को नहीं बैठाने के निर्देश दिये।

गुड सेमिरिटन योजना का व्यस्त चैराहो, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, आजाद चैक, अहिंसा सर्किल, आपातकाल चिकित्सालय कक्ष, जिला कलेक्टर व दुर्घटना सम्भावित स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाकर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये एवं नुक्कड़-नाटक के द्वारा भी योजना का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये गये। आईरेड सॉफ्टवेयर पर प्रविष्टियों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये गये।

जिले से गुजरने वाले नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़े करने वाले वाहन चालकों एवं विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के चालकों के विरूद्व एनएचएआई/आरएसआरडीसी से समन्वय स्थापित कर समझाईश करना, चालान बनाना, चालको के लाईसेन्स निलम्बित करना, निरन्तर पेट्रोलिंग करना व पेट्रोलिंग में लगाये वाहनों की संख्यात्मक प्रगति प्रस्तुत करने, टोल प्लाजा से गुजरने वाले, जिले में संचालित एवं खनिज क्षैत्र में चल रहे ट्रेक्टर, ट्रोलियों, अर्थमूवस व अन्य वाहनों पर अधिक से अधिक वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाना, शहर की सड़को से निराश्रित पशुओं को सरकारी काईन हाउस में पहुंचाने के निर्देश दिये गये।

शहर के चौराहों पर अस्थाई एवं स्थाई दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण हटाने एवं चैराहे का सौन्दर्यकरण करने के निर्देश दिये गये ।

## QUICK BITES

### माय भारत पोर्टल पर लें नशा मुक्त युवा संकल्प, ई-प्रमाणपत्र पाकर अभियान से जुड़ने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माय भारत) पोर्टल के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जोड़ने के लिए एक विशेष पहल शुरू की गई है। इसके तहत जिले के युवाओं से पोर्टल पर जाकर नशा मुक्त युवा संकल्प लेने, ई-प्रमाणपत्र प्राप्त करने और समाज को जागरूक करने की अपील की गई है।

जिला युवा अधिकारी रचना शर्मा ने जिले के युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश और जिले के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का नशा मुक्त होना बेहद जरूरी है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी तभी सशक्त होगी जब हमारी युवा पीढ़ी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगी।

उन्होंने बताया कि माय भारत पोर्टल पर जाकर कोई भी युवा आसानी से नशा मुक्ति की शपथ ले सकता है और तुरंत अपना ई-प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकता है। यह अभियान (नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत) के संकल्प के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, युवाओं और छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। युवा न केवल खुद यह संकल्प लें, बल्कि अपने आसपास के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें और उन्हें भी इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करें।

### लाडो सेवा फाउंडेशन ने निंबार्क आश्रम में महंत मोहन शरण महाराज का किया सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



समाज सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाडो सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एवं अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने निंबार्क आश्रम पहुंचकर पूज्य महंत मोहन शरण महाराज का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान समाज सेवा, संस्कारों के संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श भी किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि संत समाज भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा की मजबूत आधारशिला है। संतों के मार्गदर्शन से समाज में सेवा, सद्भाव, नैतिकता और संस्कारों का प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि लाडो सेवा फाउंडेशन सदैव संतों के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से समाजहित के कार्यों के लिए समर्पित रहेगा।

महंत मोहन शरण महाराज ने फाउंडेशन द्वारा महिला सुरक्षा, शिक्षा, खेल प्रोत्साहन तथा निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा ही मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म है और युवाओं को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में राधेश्याम उपाध्याय, गोपी शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा भविष्य में सेवा गतिविधियों का विस्तार करने का संकल्प व्यक्त किया।

### भीलवाड़ा जिले में होगा प्रवासन सर्वेक्षण, अगस्त से घर-घर पहुंचेगी सर्वे टीम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) के 81वें दौर के तहत जिले में प्रवासन (माइग्रेशन) विषय पर सर्वेक्षण अगस्त से शुरू होगा। जुलाई 2026 से जून 2027 तक चलने वाले इस सर्वेक्षण के तहत भीलवाड़ा जिले के चयनित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिकृत प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उपनिदेशक डॉ. सोनल राज कोठारी ने बताया कि सर्वेक्षण का उद्देश्य रोजगार, शिक्षा, विवाह एवं अन्य कारणों से अपने मूल निवास स्थान से बाहर रहने वाले लोगों से संबंधित सामाजिक एवं आर्थिक जानकारी जुटाना है। इससे सरकार को रोजगार, शिक्षा, आवास, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्र के 28 तथा शहरी क्षेत्र के 12 नमूना क्षेत्रों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में अगस्त के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में शाहपुरा के नर्सिंगपुरा, कोटड़ी के गोठड़ा, मांडलगढ़ के देवलीपुरा, आसींद के सापोला तथा मांडल क्षेत्र के भादू और करेड़ा गांवों में सर्वेक्षण किया जाएगा।

सर्वेक्षण के दौरान परिवार के प्रवासी सदस्यों, उनके निवास स्थान, प्रवासन के कारण, परिवार से संपर्क, आर्थिक सहयोग और परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। डॉ. कोठारी ने जिलेवासियों से अपील की कि सर्वेक्षण के लिए आने वाले अधिकृत प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण में प्राप्त सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी तथा उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### एमजी अस्पताल में दो प्रसूताओं की मौत पर जांच रिपोर्ट जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

महात्मा गांधी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दो प्रसूताओं की मौत के मामले में चिकित्सा विभाग ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में दोनों मौतों का कारण गंभीर चिकित्सकीय जटिलताएं बताया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि दोनों मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया गया और उन्हें बचाने के हरसंभव प्रयास किए गए।

रिपोर्ट के अनुसार 18 वर्षीय रानी बंजारा की मृत्यु एम्नियोटिक फ्लूइड एम्बोलिज्म, अत्यधिक रक्तस्राव और हाइपोवोलेमिक शॉक के कारण हुई, जबकि 21 वर्षीय सुगना बैरवा की मौत गंभीर एनीमिया और हाइपोवोलेमिक शॉक से हुई। विभाग ने कहा कि दोनों मामलों में समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया, लेकिन गंभीर स्थिति के कारण मरीजों को बचाया नहीं जा सका।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।